Himalayiya Ayurvedic (PG) Medical College & Hospital

(Governed by Himalayee Ayurvedic Yog Evam Prakritic Chikitsa Sansthan)
Recognised & Permitted by National Commission for Indian System of Medicine (NCISM)
Ministry of AYUSH, Govt. of India, New Delhi
Affiliated to Uttarakhand Ayurveda University, Dehradun

दिनांक 23.10.2026

कार्यालय आदेश

''विषय– लेखक गाँव अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव–2026 के अंतर्गत शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं जनस्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में सहभागिता के संबंध में।''

प्रबंधन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, चिकित्सक, चिकित्साधिकारी, नॉन–टीचिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, छात्र–छात्राओं एवं इंटर्न्स को सूचित किया जाता है कि दिनांक **''25 से 29 अक्टूबर, 2026''** तक लेखक गाँव, थानो, देहरादून में पाँच दिवसीय **''लेखक गाँव अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव–2026''** का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त महोत्सव साहित्य, संस्कृति, कला, विचार–विमर्श तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञानवर्धन, बौद्धिक विकास, रचनात्मकता, विचारशीलता एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने का एक महत्त्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन में सहभागिता से महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपने ज्ञान एवं अनुभव का विस्तार करने का अवसर प्राप्त होगा।

महोत्सव के अंतर्गत जनस्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं से संबंधित गतिविधियों, जैसे स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा शिविर एवं अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं में भी महाविद्यालय द्वारा सहभागिता की जाएगी। इन गतिविधियों के माध्यम से जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रचार–प्रसार को प्रोत्साहित किया जाएगा।

अतः प्रबंधन के निर्देशों के अनुपालन में महाविद्यालय के समस्त संबंधित शिक्षकगण, चिकित्सक, चिकित्साधिकारी, कर्मचारी, पैरामेडिकल स्टाफ, छात्र–छात्राओं एवं इंटर्न्स को निर्देशित किया जाता है कि वे महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं जनस्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा आवंटित दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें।

दिनांक 25.10.2026 से 29.10.2026 तक महाविद्यालय की समस्त कक्षाएँ स्थगित रहेंगी **एवं** चिकित्सालय की आत्ययिक (आकस्मिक) सेवाएँ पूर्ववत संचालित रहेंगी, साथ ही रोगियों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।''

यह कार्यालय आदेश प्रबंधन के निर्देशानुसार जारी किया जा रहा है।

(प्रो0 (डा0) जी0 एस0 इन्दोरिया)
प्राचार्य/अधीक्षक

प्रतिलिपि–

1. अध्यक्ष, हिमालयी आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान।
2. सचिव, हिमालयी आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान।
3. चिकित्सा अधीक्षक, हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय।
4. समस्त विभागाध्यक्ष एवं संबंधित शिक्षकगण
5. प्रशासनिक कार्यालय – अभिलेख एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(प्रो0 (डा0) जी0 एस0 इन्दोरिया)
प्राचार्य/अधीक्षक

Gram-Fatehpur Tanda, Post-Via Doiwala, Jeevanwala, Dehradun-248140 (Uttarakhand)
Email:hamcayu@gmail.com, Email: 2006ayu0242@gmail.com
Phone: 9412052886, Website: www.hamc.org.in